# संगठन की राजभाषायी गतिविधियां

पेसो में राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार तथा प्रगामी प्रयोग की गति बढाने के उद्देश्य से हर तिमाही की तरह इस तिमाही में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

## पेसो, नागपुर -

### विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2012-2013 की द्वितीय बैठक का आयोजन

30 सितंबर 2012 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2012-2013 की द्वितीय बैठक 18 अक्तुबर 2012 को दोपहर 3.30 बजे मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अध्यक्ष श्री टी.आर. तोमसजी की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी । बैठक में मंत्रालय से प्रप्त 2 अर्धसरकारी पत्रों संबंधी चर्चा की गई, पेट्रोलियम डॉट नेट, विस्फोटक अनुज्ञप्ति मॉड्यूल के अनुवाद कार्य/द्विभाषीकरण की कार्ययोजना तथा इस संबंध में निर्णय लिए गए । अन्य मदों के साथ पेसो, नागपुर द्वारा नराकास के तत्वाधान में अंतर-कार्यालयीन प्रतियोगिता -‘चित्र अभिव्यक्ति’ (कहानी/काव्य लेखन) के आयोजन संबंधी निर्णय लिए गए ।

### नराकास के तत्वाधान में पेसो, नागपुर में अंतर-कार्यालयीन हिन्दी प्रतियोगिता का आयोजन-










- विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कार्यालय में दिनांक 22, नवम्बर 2012 को पूर्वाह्न 10:30 बजे नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर के तत्वाधान में चित्र अभिव्यक्ति (कहानी/काव्य लेखन) प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । नराकास नागपुर के निर्देशों के अनुसार डॉ ए.के. रैना, प्रधान वैज्ञानिक, सी.आय.एम.एफ.आर,

नागपुर को प्रतियोगिता के निर्णायक/ पर्यवेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया था । प्रतियोगिता से संबंधित समस्त प्रबंधन हिन्दी अधिकारी द्वारा किया गया ।

प्रतियोगिता में कुल 35 प्रतियोगी सम्मिलित हुए थे । सभी प्रतियोगियो को नराकास, नागपुर द्वारा प्रेषित एक चित्र दिया गया (स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया) था जिसे देखकर उन्हें अपनी अभिव्यक्ति, कहानी या काव्य के रूप में 1 घंटे की समयावधी में लिखित रूप में प्रस्तुत करनी थी । इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों द्वारा अपनी कहानी/काव्य पढकर सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया । परीक्षक के साथ-साथ सभी प्रतिभागियो द्वारा भी दूसरे प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति का मूल्यांकन किया गया । इस तरह मूल्यांकन 50-50 प्रतिशत के रूप में किया गया तथा परीक्षक महोदय द्वारा दिया गया अंतिम परिणाम नराकास, नागपुर को प्रेषित किया गया ।

- औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के 1 नवंबर 2012 के पत्र संख्या ई-13011/1/2012-हिन्दी द्वारा मंत्रालय की वर्ष 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल करने हेतु पेसो की प्रमुख गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ की मांग की गई थी जिन्हें शीघ्र प्रेषित किया गया ।
- मंत्रालय द्वारा वर्ष 2012 की उनकी हिन्दी गृह पत्रिका "सुगंधि" का अंक 3 प्रेषित किया गया हैं जिसमें संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे का लेख-"यूनिकोड का प्रयोग", नागपुर कार्यालय की आशुलिपिक, ग्रेड 2 – श्रीमती संजना चट्पल्लीवार का हिन्दी पखवाडा 2011 में पुरस्कृत निंबंध "ग्लोबल वार्मिंग" तथा आगरा कार्यालय के अवर श्रेणी लिपिक श्री मदन मोहन गुप्ता का लेख "लम्बित कार्यो के त्वरित निस्तारण के उपाय" प्रकाशित किए गए हैं ।

- राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), नागपुर में दि. 5 दिसंबर 2012 को अपराह्न 02.15 बजे आयोजित नराकास, नागपुर की 57 वी छमाही बैठक में उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी – श्री रजनीश पिपलानी तथा हिन्दी अधिकारी -श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा सहभाग किया गया ।
- नराकास, नागपुर तथा राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, (एनपीटीआई) नागपुर के संयुक्त तत्वाधान में दि. 12 अक्तुबर 2012 को आयोजित "जल संचयन" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में कार्यालय के लेखा अधिकारी श्री डी.डी.जांभुलकर तथा अ.श्रे.लि. श्री जी.ए.आष्टीकर द्वारा सहभाग किया गया ।

- <u>नराकास, नागपुर के तत्वाधान में अंतर-कार्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजनः</u>
  - वर्ष 2012-2013 हेतु नराकास, नागपुर के तत्वाधान में विभिन्न कार्यालयों द्वारा आयोजित की गई अंतर-कार्यालयीन प्रतियोगिताओं में पेसो, नागपुर को निम्नलिखित पुरस्कार घोषित किए गए हैं -

| प्रतियोगिता का नाम | विजेता | पदनाम | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| मेरे कार्यालय के संदर्भ में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन की सार्थकता )पावर पॉईंट प्रस्तुतिकरण ) | श्रीमती वैशाली चिरडे | हिन्दी अधिकारी | सर्वश्रेष्ठ ( श्रेणीमध्य) |
| यूनिकोड टंकण | श्री महेंद्र सायरे | आशुलिपिक | द्वितीय |
| एकाक्षरी चिंतन | श्रीमती आरती भावे | कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक | प्रोत्साहऩ |



"मेरे कार्यालय के संदर्भ में हिन्दी पखवाडा आयोजन की सार्थकता" प्रतियोगिता में हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति

- मंत्रालय द्वारा पेसो में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की सराहनाः
  औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के 20 दिसंबर 2012 के पत्र संख्या ई-11016/01/2012-हिन्दी द्वारा दिनांक 31.10.2012 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त प्रेषित किया गया जिसमे विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदया ने अन्य 2 कार्यालयों के साथ पेसो द्वारा हिन्दी पत्राचार में सुधार हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की ।

- प्रोत्साहन राशि में वृद्धि संबंधी मंत्रालय के का.ज्ञा.की प्रतियां परिचालितः
  सरकारी कामकाज (टिप्पण/आलेखन) मूल रूप से हिन्दी में करने तथा अधिकारियों द्वारा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन राशि में वृद्धि के बारें में औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दि. 15 नवंबर 2012 के पत्र संख्या ई-11011/02/2011-हिन्दी द्वारा राजभाषा विभाग के दि.30 अक्तूबर 2012 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11/12013/01/2011-रा.भा.(नीति/के.अन.ब्यूरो) की प्रतियां संगठन के सभी अंचल/उप-अंचल कार्यालयों को अनुपालनार्थ प्रेषित की गई ।

पेसो, आगरा कार्यालय

- दिनांक 29.11.2012 को आगरा कार्यालय में "गुड गवर्नेन्स" विषय पर वर्ष 2012-2013 की तृतीय त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे डा ए के यादव, उप मु वि नि द्वारा पावर पॉईट प्रस्तुति के साथ संबोधित किया ।
- दिनांक 30.11.2012 को आगरा कार्यालय में वर्ष 2012-2013 की तृतीय त्रैमासिक हिन्दी सभा का आयोजन किया गया ।

पेसो, भोपाल कार्यालय

दि. 18.12.2012 को कार्यालय उप मु वि नि भोपाल में राजभाषा के दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग पर श्री डी आर बिलैरे, उप महाप्रबंधक, एन टी पी सी लि, सिंगरौली, म प्र. द्वारा संबोधित हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

पेसो, जयपुर कार्यालय

दि. 21.12.2012 को आयोजित वर्ष 2012-13 की कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हिन्दी सभा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

पेसो, कोलकाता कार्यालय

- दिनांक 14.12.2012 को कोलकाता कार्यालय में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

पेसो, आसनसोल कार्यालय

- श्री ए. के. घोषाल, विस्फोटक नियंत्रक, आसनसोल द्वारा दिनांक 29.11.2012 को आयोजित बर्नपुर आसनसोल नराकास की 48 वी बैठक में भाग लिया गया ।